डी. एल. एड प्रथम वर्ष

भाग 'अ'

क्रमांक	विषय
1.	भूमिका
2.	डी.एल.एड पाठ्यचर्या के उद्देश्य
3.	पाठ्यचर्या में बदलाव की आवश्यकता
4.	पाठ्यचर्या का ढाचां
5.	मूल्यांकन योजना

पाठ्यक्रम का वितरण
भाग 'ब'

प्रश्न– पत्र 1	बाल्यावस्था एवं बाल विकास **Childhood and development of Children**
प्रश्न– पत्र 2	समसामयिक भारतीय समाज में शिक्षा **Education in contemporary Indian Society**
प्रश्न– पत्र 3	पूर्व बाल्यावस्था– परिचर्या एवं शिक्षा **Early Childhood Care and Education (Pre-Primary and Primary Education)**
प्रश्न– पत्र 4	भाषा बोध एवं प्रारंभिक भाषा विकास **Understanding Language and Early Language Development**
प्रश्न– पत्र 5	पाठ्यचर्या में सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी का एकीकरण **ICT Integration across the caricullumn**
प्रश्न– पत्र 6	**Proficiency in English**
प्रश्न– पत्र 7	योग शिक्षा **Yoga Education (First Year)**
प्रश्न– पत्र 8	क्षेत्रीय भाषा शिक्षण क. हिन्दी भाषा शिक्षण **Hindi Language Teaching** ख. संस्कृत भाषा शिक्षण **Sanskrit Language Teaching** ग. मराठी भाषा शिक्षण **Marathi Language Teaching** घ. उर्दू भाषा शिक्षण **Urdu Language Teaching**
प्रश्न– पत्र 9	**Pedagogy of English**
प्रश्न– पत्र 10	गणित शिक्षण (प्राथमिक तथा पूर्व प्राथमिक के लिये) **Pedagogy of Mathematics Education (for Early Primary and Primary School)**

प्रथम वर्ष– व्यावहारिक

1.	स्व बोध **Towards Self-Understanding**	81
2.	रचनात्मक नाटक, ललित कला और शिक्षा **Creative Drama, Fine Art and Education**	90
3.	बच्चों का शारीरिक, भावनात्मक स्वास्थ्य और शिक्षा **Children's Physical and Emotional Health and Education**	96
4.	शाला स्थान बद्ध कार्यक्रम (इंटर्नशिप) **Teaching Practice and School Internship**	102

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष

बाल्यावस्था एवं बाल विकास

(Childhood and Development of Children)

(प्रश्न पत्र–1)

पूर्णांक अंक –100
बाह्य मूल्यांकन–70
आंतरिक मूल्यांकन–30

1. औचित्य एवं उद्देश्य (Rationale and Aim)

प्रारंभिक स्कूल शिक्षकों के लिए बहुत जरूरी है कि ये अपने विद्यार्थी बच्चों को पूरी तरह और गहराई से समझें। यह पाठ्यक्रम प्रारंभिक शिक्षक शिक्षा से जुड़े प्राध्यापकों को बचपन और बाल विकास के अध्ययन से व्यवस्थित रूप से परिचित कराने के लिए बनाया गया है। यह पाठ्यक्रम निश्चित रूप से एक बुनियाद है जिस पर आगे पाठ्यक्रम और स्कूल से संबंधित प्रायोगिक कार्य आधारित होंगे। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्राध्यापकों को प्रारंभिक स्कूली बच्चे और उसके सामाजिक–सांस्कृतिक परिवेश के बारे में जरूरी व आधारभूत समझ बनाने में मदद करना है। इसमें सिद्धान्तों के साथ ही साथ बच्चों और बचपन से जुड़े सामाजिक–सांस्कृतिक मुद्दों को गहनता से समझने के मौके शामिल होंगे। इन सब बातों को शामिल करने के पीछे उद्देश्य है कि सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भ में बच्चों की विकास संबंधी जरूरतों के प्रति संवेदनशीलता बने।

2. विशिष्ट उद्देश्य (Specific objectives)

- बच्चे और बचपन के बारे में आम धारणा की समीक्षा करना (खासतौर से भारतीय समाज के संदर्भ में), बचपन पर असर डालने वाली विभिन्न सामाजिक/शैक्षिक/सांस्कृतिक वास्तविकताओं की संवेदनशील और आलोचनात्मक समझ विकसित करना।
- बच्चे के शारीरिक, गत्यात्मक (motor), सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के विभिन्न पहलुओं पर समझ विकसित करना।
- सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भ में विविध क्षमताओं वाले बच्चों के विकास की प्रक्रिया को समझना।

- बच्चों के साथ रूबरू बातचीत करने के मौके उपलब्ध कराना और बच्चों के विकास के पहलुओं को समझने की विधियों पर प्रशिक्षण देना।

बाल विकास और सीखना के तहत बच्चे, बचपन और सीखने की बदलती हुई मान्यताओं के प्रकाश में विकास के विविध पहलुओं को समाहित किया गया है। अध्ययन के एक विषय के रूप में यह शिक्षक को बच्चों, उनके विकास के विविध पहलुओं और विकास के निहित प्रक्रियाओं को समझने का पर्याप्त अवसर और दृष्टि देता है। साथ ही अनेक प्रकार के कौशल और अवधारणाओं/तरीकों को भी सीखने में मदद करता है। यह सच है कि शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक विकास, जो कि बच्चों के जीवन के शुरुआती सालों में होता है, वह भविष्य में सीखने की नींव रखता है। इसलिए शिक्षकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे बच्चों, बचपन, बच्चों के सोचने, तर्क करने और सीखने की स्पष्ट समझ रखते हों; वयस्क होने के नाते और खासतौर पर एक शिक्षक होते हुए हम बच्चों की तरफ से खुद ही निर्णय लेते हैं। ये कमोबेश हमारे अपने अनुभवों पर आधारित होते हैं जो हम अवलोकनो के आधार पर हासिल करते हैं। इस तरह हम सभी, खासतौर से शिक्षकों के पास बच्चों के विकास संबंधी कुछ स्वाभाविक समझ होती है। बच्चे नाना प्रकार से सीखते हैं और सभी बच्चे सीखने के प्रति सहज रूप से प्रेरित होते हैं और इस दुनिया को समझते हैं। पर हो सकता है यही सहजता और प्रेरणा, स्कूली विषयों को सीखने समझने के लिए न हो। बाल विकास से परिचित कराने के पीछे यही उद्देश्य रहेगा कि शिक्षक, बच्चों व उनके बौद्धिक और सामाजिक–भावनात्मक विकास संबंधी गहरी सैद्धान्तिक एवं बारीक समझ को हासिल कर पायें। इससे उम्मीद की जा सकती है शिक्षकों में यह योग्यता पनपेगी कि ये पाठ्यचर्या, स्थान, जानकारी और सीखने का संयोजन करते समय समुचित निर्णय ले सकें, जो हो सकता है कि पहले तो बच्चों के बारे में प्रचलित बहुत ही आम धारणाओं और मान्यताओं के आधार पर लिए जाते रहे हों, और जो बच्चों के संबंध में सैद्धांतिक य जमीनी समझ के विपरीत रहे हो।

इसलिए एक विषय के रूप में, पिछले कुछ दशकों में बच्चों को समझने की दिशा में आये बदलावों को इसमें शामिल करना महत्वपूर्ण है। यह आनुवांशिक कारणों वाली मान्यता से निकलकर, व्यवहारवाद, फिर उससे निर्माणवाद और फिर सामाजिक निर्माणवाद तक आता है। बच्चों के विकास संबंधी एक बहुत ही आम प्रचलित जैविक कारणों वाली धारणा से हटकर, हम बच्चों को उनके बहुत ही विशिष्ट संदर्भों में समझने के महत्व को जान पाये हैं। यह सब व्यापक रूप से दूसरे विषय क्षेत्रों के प्रभाव से संभव हो पाया है जैसे कि, समाजशास्त्र, मानवशास्त्र, भाषा विज्ञान और मनोविज्ञान में हुए शोध और विकास। इस प्रश्नपत्र का एक और उद्देश्य यही रहेगा कि शिक्षक, बच्चों को उनके सामाजिक आर्थिक संदर्भ में समझ सकें। इस तरह यह प्रश्नपत्र बच्चों के बीच विविधता को समझने और उसे स्वीकारने, स्थान देने की दृष्टि प्रदान करेगा तथा छात्राध्यापकों को तदनुसार उनकी कक्षा आयोजित करने में मदद करेगा।

3. इकाईवार विभाजन–

सरल क्र.	इकाई का नाम	अंक
1	विकास संबंधी दृष्टिकोण	15
2	शारीरिक– गत्यात्मक विकास	13
3	भाषा सामाजिक एवं भावनात्मक विकास	15
4	समाजीकरण का संदर्भ	15
5	बचपन	12
आंतरिक अंक		30
कुल योग		100

इकाई 1. विकास संबंधी दृष्टिकोण (Perspective in Development)

- **बाल विकास का परिचय** : वृद्धि, विकास एवं परिपक्वता की अवधारणा, विकास के संबंध में विविध दृष्टिकोण की अवधारणा एवं परिचय, मानविकी मनोविज्ञान एवं विकासात्मक सिद्धान्त।
- **बाल विकास के अध्ययन की स्थायी विषयवस्तु** : बहुआयामी एवं बहुलता रूप में विकास, जीवनकाल में सतत् रूप से विकास, विकास पर सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का प्रभाव।
- **बाल विकास के अध्ययन के लिए विभिन्न प्रविधियां**: प्रकृतिवादी अवलोकन, साक्षात्कार, विशिष्ट झलकियां एवं वर्णात्मक कथाएं, पियाजे का बाल विकास का सिद्धान्त।
- **बच्चों की समावेशी शिक्षा** : अवधारणा और प्रविधियां।

इकाई 2. शारीरिक– गत्यात्मक विकास (Physical-Motor Development)

- शारीरिक – गत्यात्मक विकास, वृद्धि एवं परिपक्वता।
- शारीरिक– गत्यात्मक विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराने में अभिभावक एवं शिक्षकों की भूमिका, जैसे खेल आदि।

इकाई– 3. भाषा सामाजिक एवं भावनात्मक विकास (Langauage, Social and Emotional Development)

बोलना एवं भाषा विकास

- पूर्व–भाषायी संप्रेषण
- भाषा विकास की अवस्थाएं
- भाषा विकास के स्रोत : घर, शाला एवं मीडिया
- भाषा के उपयोग : संवाद एवं वार्तालाप में बच्चों की बातचीत को सुनना
- संवाद में सामाजिक सांस्कृतिक भिन्नताएं : उच्चारण
- संप्रेषण के विभिन्न तरीके और कहानी कहना

सामाजिक विकास

- सामाजिक विकास में परिवार, सहपाठियों एवं स्कूल की भूमिका
- सामाजिक विकास में स्पर्धा, अनुशासन, पुरस्कार एवं दण्ड की भूमिका
- संवेगों की आधारभूत समझः गुस्सा, डर, चिंता, खुशी आदि।
- संवेगों का विकास, संवेगों के कार्य, बाल्वी का लगाव सिद्धांत

इकाई 4. समाजीकरण का संदर्भ (Context of Socializaltion)

- समाजीकरण की अवधारणा एवं प्रक्रियाएं।
- समाजीकरण में सामाजिक एवं सांस्कृतिक भिन्नताएं।
- परवरिश, परिवार एवं वयस्क एवं बच्चों के बीच संबंध, पालन पोषण के तरीके, बच्चों का अभिभावकों से अलग रहना, झूलाघरों में रहने वाले बच्चे, अनाथालय।
- स्कूलिंग : शिक्षक बालक का साथ संबंध एवं शिक्षक की भूमिका
- सहपाठियों के साथ संबंध : साथी मित्रों के साथ संबंध, स्पर्धा एवं सहयोग, बचपन के दौरान उग्रता एवं शरारत।
- सामाजिक सिद्धान्त एवं लैंगिक (जेंडर) विकास : लिंग आधारित भूमिकाओं का आशय, लिंग आधारित भूमिकाओं पर प्रभाव, रूढ़ वादिता, खेल के मैदान में लिंग (पहचान) का प्रभाव।
- शाला त्यागी की समस्या।

इकाई 5. बचपन (Childhood)

- बालश्रम, बाल शोषण, गरीबी, वैश्वीकरण विद्यालय से गैरहाजिरी की समस्या एवं वयस्क संस्कृति के संदर्भ में बचपन
- बचपन की धारणा में समानताएं एवं विविधताएं और खासतौर से भारतीय संदर्भ में किस तरह बचपन पनपते हैं।

4.0 अंतरण की विधियाँ (Mode of Transaction)

- अवधारणात्मक समझ बनाने के लिए कक्षा में परिचर्चा।
- पाठ सामग्री/शोध पत्रों का गहन पाठन।
- असाइनमेंट में उठाये गये मुद्दों और सरोकारों का व्यक्तिगत रूप से एवं समूह में प्रस्तुतीकरण।
- सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक गतिविधियां/अभ्यास कार्य/अन्वेषण, संकलित अवलोकनों, जानकारियों का विश्लेषण एवं वर्णन

5.0 सत्रगत कार्य (Assignment)

बच्चे के संसार में झांकना : क्या और कैसे–1

(लोगों के बीच जाना, रिकार्ड तैयार करना व कक्षा में चर्चा)

नोट : निम्नांकित में से कोई तीन प्रायोगिक कार्य लिये जा सकते हैं–

5.1 प्रायोजना कार्य–1

विद्यार्थी, अखबार में प्रकाशित कोई दस आलेखों को संकलित करेंगे, जिसमें बच्चों के लालन पालन और बचपन से संबंधित मुद्दे होंगे। विद्यार्थी इनका विश्लेषण करेंगे और कक्षा में चर्चा करेंगे।

5.2 प्रायोजना कार्य–2

बच्चों और बचपन के विविध संदर्भों का अध्ययन करने की विधियों का प्रत्यक्ष अनुभव करने के मौके।

विद्यार्थी, विविध पृष्ठभूमि वाले 5 से 14 साल तक की उम्र के बच्चों को समझने के लिए किसी भी बच्चे को ले सकते हैं और उसका अध्ययन करने के लिए केस प्रोफाइल विधि का इस्तेमाल कर सकते हैं। शिक्षक प्रशिक्षक, अलग–अलग विद्यार्थियों द्वारा लाई गई विभिन्न प्रोफाइल से चुनकर कक्षा को इस तरह संयोजित कर सकता है

कि विविध सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि के बच्चों की जानकारी प्रस्तुत हो सके। इससे व्यापक दायरे में जानकारी मिलेगी जिसे बाद में समूहों में चर्चा कर विश्लेषित किया जा सकता है। यह कार्य हाशियाकृत बचों, पहली पीढ़ी के अधिगमकर्ता, सड़कों पर जीने एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले बच्चों, विशेष जरूरतों वाले बच्चों को समझने और उनकी विकासात्मक व शैक्षिक जरूरतों में सहयोग करने में मददगार हो सकेगा।

केस प्रोफाइल विधि में अवलोकन और साक्षात्कार जैसे साधनों का उपयोग, सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भों, बच्चों के लालन पालन के तरीकों, स्कूल से अपेक्षाओं और बच्चों के सपनों व कल्पनाओं का अध्ययन करने में किया जा सकता है।

5.3 प्रायोजना कार्य–3

गिजूभाई बधेका की पुस्तक दिवास्वप्न का अध्ययन करते हुए बचपन और बच्चों को कैसे सिखाए पर आलेख तैयार करें।

5.4 प्रायोजना कार्य–4

विद्यार्थी एक फिल्म देखेंगे, जैसे कि सलाम बॉम्बे या तारे जमीं पर या कोई अन्य संबंधित फिल्म। फिल्म का चुनाव शिक्षक और विद्यार्थी संयुक्त रूप से मिलकर करेंगे। बाद में मिलकर उसमें दिखाये गये बच्चों के चित्रण पर अपनी राय और अनुभूति साझा करेंगे। इसमें विविध पृष्ठभूमि के बच्चों और उनके बचपन पर चर्चा की जा सकेगी।

5.5 प्रायोजना कार्य–5

विद्यार्थी, विभिन्न सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले 4–5 अभिभावकों से, बच्चों के लालन पालन एवं परवरिश के तरीकों के संदर्भ में साक्षात्कार करेंगे और फिर अपनी रिपोर्ट कक्षा में प्रस्तुत करेंगे।

शिक्षण के लिए निर्देश : उपरोक्त प्रायोगिक कार्य हेतु योजना बनाना, विद्यार्थियों को जोड़ियों या समूह में कार्य आवंटित करना, अधिकतम स्थानीय संसाधनों एवं उपलब्ध आई सी टी का उपयोग कर शिक्षण एवं प्रगति का आकलन किया जाना है।

सुझावात्मक संदर्भ ग्रंथ सूची

- बिस्ट, आभारानी (प्रथम संस्करण), बाल मनोविज्ञान, आगरा, विनोद पुस्तक मंडल
- जीत, योगेन्द्र (प्रथम संस्करण), बाल मनोविज्ञान, आगरा, विनोद पुस्तक मंदिर
- माथुर, एस.एस. (द्वितीय संस्करण), शिक्षा मनोविज्ञान, आगरा, विनोद पुस्तक मंदिर
- पाठक, पी.डी. (चालीसवाँ संस्करण), शिक्षा मनोविज्ञान, आगरा, विनोद पुस्तक मंदिर
- पाण्डेय, रामशकल (तृतीय संस्करण), शिक्षा मनोविज्ञान, आगरा, विनोद पुस्तक मंदिर

- वर्मा, प्रीति (प्रथम संस्करण), शिक्षा मनोविज्ञान, आगरा, विनोद पुस्तक मंदिर
- जॉन होल्ट– बच्चे असफल क्यों होते है ? एकलव्य प्रकाशन, भोपाल
- राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा कक्षागत प्रक्रियाओं पर विकसित सामग्री
- राज्य शिक्षा केन्द्र की वेवसाइट www.ssa.mp.gov.in
- एज्युकेशन पोर्टल www.mp.gov.in/education portal.
- बाल विकास – डॉ. ओ.पी. सिंह
- छात्र का विकास एवं शिक्षण – डॉ. आर.ए.शर्मा
- बाल विकास एवं बाल मनोविज्ञान –प्रो. सुरेश भटनागर
- बचपन और बाल विकास – पी.डी. पाठक, अग्रवाल पब्लि. आगरा
- बचपन और बाल विकास – श्रीमति शर्मा, डॉ. बरौलिया एवं प्रो. दुबे राधा प्रकाशन मंदिर, आगरा।
- Developmental Psychology & H.E.
- Sasaswati T.S.(Ed.) (1999) Culture Socialigation & Human Development] Theory Reearch & Applications in india, Sage Publications.
- Chapter 9: Physical Development in Middle Childhood.
- Mukunda, K.V. (2009) Chapter is Child Development, 79-96.s
- Post- Colnial Indian Childhood, Sharda Balgopal.
- (http://www.tess-india.edu.in/ में OER एवं वीडियो)

डी.एल.एड प्रथम वर्ष

विषय : समसामयिक भारतीय समाज में षिक्षा

Education in contemporary Indian Society

(प्रश्न पत्र – 2)

पूर्णांक – 100

बाह्य अंक – 70

आंतरिक अंक – 30

1. औचित्य एवं उद्देश्य (Rationale and Aim)

इस पाठ्यक्रम में उन परिस्थितियों और मुद्दों को सम्मिलित किया गया है, जो भारत में लोगों के जीवन पर असर डालते हैं और उसका स्वरूप तय करते हैं। छात्राध्यापक भारतीय समाज के ऐतिहासिक, राजनैतिक आर्थिक उतार–चढ़ाव के बारे में नजरिया बना पायेंगे। यह पाठ्यक्रम भारत की राजनीति, संस्थानों, अर्थव्यवस्था, समाज और मुद्दों से रूबरू कराता है। किसी शिक्षक के लिए, हमारे भारतीय समाज की एक समालोचनात्मक समझ प्रस्तुत करना बड़ा कठिन हो जाता है। बच्चों के सामाजिक संदर्भों और उनके विविध जीवन अनुभवों को ध्यान में रखते हुए बात रख पाने की चुनौती उसके सामने होती है। इसलिए इस पाठ्यक्रम में विभिन्न विषयवस्तु व मुद्दों के जटिल स्वरूप की एक व्यापक समझ के लिए सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों में इसे ढाला गया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों व शिक्षकों को समालोचनात्मक ढंग से सोचने और एक व्यापक सामाजिक परिप्रेक्ष्य में अपने निजी व सामान्य मत मान्यता को देख पाने में सक्षम बनाता है।

2. विशिष्ट उद्देश्य (Specific objectives)

- अवधारणाओं, विचारों और सरोकारों के अंतर–विषयक विश्लेषण से परिचित होना।
- भारतीय समाज के सामाजिक–राजनैतिक आर्थिक आयामों से परिचित कराना और इसकी विविधता को सराहना।
- समसामयिक भारतीय समाज में व्याप्त एवं प्रचलित मुद्दे और प्रस्तुत चुनौतियों की समझ विकसित करना।
- भारतीय समाज की उपलब्धियों, लगातार बनी रहने वाली समस्याओं और प्रस्तुत चुनौतियों को समझने की दिशा में विशिष्ट राजनैतिक संस्थानों, आर्थिक नीतियों और सामाजिक संरचनाओं के बीच संबंधों को समझना।

पाठ्यक्रम की इकाईयों में समसामयिक समाज के राजनैतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों को सम्मिलित किया गया है। पाठ्यवस्तु के सीखने–सिखाने के लिए छात्राध्यापक इन सभी कारकों से रूबरू हो, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। प्रत्येक इकाई की पाठ्य सामग्री एक दूसरे में गुंथी हुई है। इन सभी पहलुओं को पृष्ठभूमि में रखते हुए ही समसामयिक भारत की एक अर्थपूर्ण समझ विकसित की जा सकती है। यह पाठ्यक्रम एक समाजशास्त्रीय, समालोचनात्मक ढंग से सोचने व सवाल उठाने वाले नजरिये की पृष्ठभूमि बनाता है। छात्राध्यापकों से अपेक्षा है कि वे अपनी पूर्व धारणाओं का विश्लेषण करें और उससे परे जाकर सोच पायें।

3. इकाईवार अंकों का विभाजन

क्रमांक	इकाई	विषय	अंक
1	1	राज्य, राजनीति एवं भारतीय शिक्षा	15
2	2	समाज व शालेय शिक्षा का परिप्रेक्ष्य	15
3	3	भारतीय संविधान एवं शिक्षा	15
4	4	शिक्षा में समकालीन मुद्दे एवं सरोकार	15
5	5	सामाजिक बदलावकर्ता के रूप में शिक्षक	10
आंतरिक अंक			30
कुल अंक			100

इकाई 1 : राज्य, राजनीति एवं भारतीय शिक्षा (State, Politics and Indian Education)

- राज्य एवं शिक्षा
- शिक्षा की राजनैतिक प्रकृति
- नव आर्थिक सुधार एवं शिक्षा पर उनका प्रभाव
- सार्वजनिक शिक्षा बनाम निजी शिक्षा
- सार्वजनिक शिक्षा का निजीकरण
- हाशियाकृत (marginalised) एवं सामाजिक रूप से वंचितों की शिक्षा
- भारत में शिक्षा के अवसरों की समानता लाना

इकाई 2 : समाज व शालेय शिक्षा का परिप्रेक्ष्य (Perspectives on Society and Schooling)

- भारत में वर्ग, जाति, धर्म, परिवार एवं राजनीति के विशेष संदर्भ में सामाजिक संरचना एवं शिक्षा
- संस्कृति एवं शिक्षा
- आधुनिकीकरण, सामाजिक बदलाव एवं शिक्षा

इकाई 3 : भारतीय संविधान एवं शिक्षा (Constitution of India and Education)

- स्वतंत्र भारत की संवैधानिक दृष्टि : तथ और अथ
- संविधान एवं शिक्षा : शिक्षा की समवर्ती स्थितियाँ , शिक्षा के संवैधानिक प्रावधान
- विशिष्ट संदर्भों से जुड़े बच्चे (जाति, वर्ग, धर्म, भाषा एवं लिंग) और शिक्षा से संबंधित नीतियां, अधिनियम एवं प्रावधान
- (प्रारंभिक शिक्षा की विभिन्न शैक्षिक नीतियाँ एवं उनका क्रियान्वयन व प्रभाव)
- भारतीय संविधान में समता एवं न्याय, भेदमूलक शाला प्रणाली (differential school) एवं समान पड़ोस शाला (common neighbour school) प्रणाली का विचार
- शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 एवं म.प्र. नियम 2011

इकाई 4 : शिक्षा में समकालीन मुद्दे एवं सरोकार (Contemporary Issues and Concerns in Education)

- लोकतंत्र एवं शिक्षा
- उदारीकरण एवं शिक्षा
- वैश्वीकरण एवं शिक्षा
- खेतिहर, दलित एवं नारीवादी आन्दोलन और शिक्षा पर उनके प्रभाव
- समानता, निष्पक्षता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लोकतंत्रीयकरण

इकाई 5 : सामाजिक बदलावकर्ता के रूप में शिक्षक (Teacher as Social Transformer)

- एक चेतनशील बुद्धिजीवी के रूप में शिक्षक
- शिक्षक की भूमिका एवं दायित्व
- शिक्षक नैतिकता
- शिक्षक एवं सामुदायिक विकास
- सामाजिक बदलावकर्ता के रूप में शिक्षक

8. सत्रगत कार्य:– (Assignments)

समसामयिक भारतीय समाज में शैक्षिक चुनौतियों के संदर्भ में नियत कार्य एवं प्रायोजना कार्य – कुल तीन कार्य दिये गए हैं। प्रत्येक खंड में से एक कार्य लिखिए।

खंड 'अ' नियत कार्य – (Assignments)

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में प्रारंभिक शिक्षा हेतु की गई अनुशंसाओं की सूची बनाइए।
- प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के पूर्व और पश्चात् हुए शालेय तंत्र में बदलाव का तुलनात्मक स्थिति का अध्ययन कीजिए।
- सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की सूची बनाइए । किसी एक योजना के मूलभूत लक्ष्य, उद्देश्य एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया लिखिए।
- बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह हेतु शिक्षा के प्रावधानों एवं शैक्षिक विकास पर इनके प्रभाव लिखिए।
- शिक्षा का अधिकार लागू होने के पश्चात् आपके क्षेत्र में हुए सामयिक बदलाव पर आलेख तैयार कीजिए।
- अपने जिले की विभागीय संरचना को स्पष्ट करते हुए फ्लोचार्ट बनाइए।
- आर्थिक विकास में प्रारंभिक शिक्षा की भूमिका की तर्क युक्त विवेचना कीजिए।
- अपनी शाला में संवैधानिक प्रावधान (RTE 2009) की धारा 19 के तहत मानक एवं मापदंडों के अनुरूप शालेय संसाधनों की समीक्षा कीजिए।
- अपने क्षेत्र में अल्पसंख्यकों/सुविधावंचित बच्चों हेतु संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं की सूची बनाते हुए किसी एक संस्था के कार्य, प्रक्रिया एवं उपलब्धि पर आलेख तैयार कीजिए।
- अपने ग्राम के VER में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, प्रवेश एवं उन्हें प्राप्त सुविधाओं की स्थिति पर आलेख तैयार कीजिए।
- किन्ही 5 प्राथमिक शालाओं में राष्ट्रीय एकता विकास के लिए बच्चों हेतु विभिन्न गतिविधियों की सूची बनाईए।
- **ABL** अथवा **ALM** शिक्षण पद्धतियों के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाईयों की सूची बनाईए एवं इनके निराकरण के सुझाव लिखिए।
- शाला में उपलब्ध बाल पुस्तकालय/ विज्ञान/गणित किट आदि के माध्यम से बच्चों के बेहतर सीखने – सिखाने की योजना तैयार कीजिए।
- अपनी शाला में हेतु किसी एक विषय में बहुकक्षा शिक्षण / बहुस्तरीय शिक्षण हेतु कार्य योजना बनाईए।

खंड 'ब' प्रोजेक्ट कार्य (Porject Work)

- अपने ग्राम/ वार्ड के 20 परिवारों का सर्वेक्षण कर ग्राम शिक्षा पंजी तैयार कीजिए।
- अपने ग्राम /वार्ड के 6 से 14 आयु वर्ग के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक छात्रों की जनसंख्या, वर्ग व शिक्षा की जानकारी एकत्र कीजिए।
- अपने ग्राम /वार्ड के सामाजिक, आर्थिक रूप से पिछड़े 10 परिवारों के 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों की शैक्षिक कठिनाईयों की सूची बनाइए एवं इनकी शैक्षिक उपलब्धि बढ़ाने के लिए कार्य योजना तैयार कीजिए।
- आपके क्षेत्र /जिले में विशेष समूह के बच्चों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं में से किसी एक योजना प्रभाव का अध्ययन कीजिए (किन्ही 5 बच्चों /पालकों के साक्षात्कार के माध्यम से)
- ABL पर आधारित दो शिक्षण सहायक सामग्री (TLM) का निर्माण कीजिए।
- ALM पर आधारित दो शिक्षण सहायक सामग्री (TLM) का निर्माण कीजिए।
- विद्यालय के बच्चों में राष्ट्रीय एकता विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों की सूची बनाइए एवं इसका त्रैमासिक केलेण्डर तैयार कीजिए।
- शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के संदर्भ में कमजोर एवं वंचित समूह बच्चों के प्रवेश प्रक्रिया का किन्ही दो विद्यालयों में जाकर अध्ययन कीजिए (किन्ही 5–5 बच्चों एवं उनके पालक के साक्षात्कार के माध्यम से)
- आपके क्षेत्र के प्रथम पीढ़ी की शिक्षा प्राप्त करने वाले परिवार एवं शिक्षित परिवारों में सामाजिक अंधविश्वास/कुरीतियों की स्थितियों की तुलना कीजिए । (किन्ही 5 परिवारों के संदर्भ में)
- अपने क्षेत्र पलायन करने वाले परिवारों के शाला जाने योग्य बच्चों की जानकारी एकत्रित कीजिए एवं उनके शैक्षिक विकास हेतु किए गए प्रयासों की जानकारी एकत्र की कीजिए।

खंड 'स' समकालीन भारतीय मुद्दों पर सुझाई गई कुछ परियोजनाएँ :

मध्यप्रदेश के संदर्भ में– जिसमें कक्षा में परिचर्चा करवाई जाए/आलेख लिखवाए जाए।

- किसी शैक्षणिक संस्थान में अपनाए जाने वाले संवैधानिक मूल्यों का समालोचनात्मक मूल्यांकन।
- विभिन्न कार्यस्थलों का तुलनात्मक अध्ययन।
- मध्यप्रदेश में सामाजिक द्वंद और आन्दोलन : महिला, दलित और आदिवासी आन्दोलन, विस्थापन, भूमि, मानवाधिकार, सांप्रदायिक आन्दोलन।
- विस्थापन और विकास
- शैक्षिक बहस और आन्दोलन
- स्कूल में पहली पीढ़ी के सीखने वाले बच्चे

- लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका
- भारत में बचपन को समझना
- मीडिया में समकालीन बहस का विश्लेषण
- शान्ति के लिए शिक्षा
- शिक्षा का अधिकार कानून में बच्चे और स्कूल की स्थिति
- स्कूल में भाषा
- किसी खेती या औद्योगिक उत्पाद के प्रारंभ से वर्तमान तक का ब्यौरा हासिल करना
- हाशियाकरण को उत्पन्न करने और उसे हल करने में राज्य और अंतर्राष्ट्रीय राजनैतिक अर्थव्यवस्था की भूमिका
- भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता
- अल्पसंख्यक अधिकारों का महत्व
- भारत में दलितों, आदिवासियों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की शैक्षणिक स्थिति, अवसर एवं अनुभव
- वंचित बस्तियों में रहने वाले एवं पलायन का दंश झेलने वाले बच्चों का हाशियाकरण एवं उनकी शिक्षा
- द्वंदों के टकरावों के परिप्रेक्ष्य में बहुलवादी शिक्षा की चुनौतियां
- बच्चों पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रभाव
- वर्तमान में युवा संस्कृति एवं इंटरनेट व अन्य दृश्य माध्यमों के प्रभाव को समझना

अंतरण के तरीके : Mode of Transaction

- शिक्षकों को अपने अध्यापन में परिचर्चा, परियोजना, डॉक्यूमेन्ट्रीज, फिल्में और फील्ड प्रॉजेक्ट को शामिल करना चाहिए।
- सघन और समालोचनात्मक पठन हो, साथ ही विभिन्न आलेखों, नीति दस्तावेजों, पाठ्यसामग्री, डॉक्यूमेन्ट्रीज और फिल्मों का विश्लेषण किया जाना चाहिए।
- छात्राध्यापक समूह में फील्ड आधारित प्रोजेक्ट करें और अपनी जानकारियों व निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक ढंग से लिख पाने में सक्षम बनें।
- संवाद और परिचर्चा ही इस पाठ्यवस्तु को सिखाने के प्रमुख तरीके होंगे।

9. सुझावात्मक संदर्भ ग्रंथों की सूची

- राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत प्रकाशित निर्देश एवं पाठ्य सामग्री।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय (प्रारंभिक शिक्षा एवं साक्षरता विभाग) भारत सरकार द्वारा प्रकाशित सामग्री
- जनशिक्षा अधिनियम 2002 और जनशिक्षा नियम 2003
- बालशिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं मध्यप्रदेश नियम 2011

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का दस्तावेज
- प्राथमिक शिक्षक एन.सी.ई.आर.टी. एवं एन.यू.ई.पी.ए. नई दिल्ली द्वारा प्रारंभिक शिक्षा संबंधी प्रकाशन
- शैक्षिक पलाश – मध्यप्रदेश शिक्षक प्रशिक्षण मण्डल द्वारा प्रकाशित
- शिक्षा का सिद्धान्त – पाठक एवं त्यागी
- शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय आधार– डॉ. सरोज सक्सेना
- शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय सिद्धान्त – एन. आर. स्वरूप सक्सेना
- शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय पृष्ठिभूमि – रामशकल पाण्डेय
- शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय सिद्धान्त – रमन बिहारी लाल
- सामाजिक परिवर्तन एवं शिक्षा – उमराव सिहं चौधरी
- शिक्षा के दार्शनिक, ऐतिहासिक एवं समाजशास्त्रीय आधार –एस.पी. चौबे
- शिक्षा का समाज शास्त्र – चन्द्रा एवं वर्मा
- शिक्षा दर्शन – आर.एन. शर्मा
- फाउण्डेशन ऑफ एज्यूकेशन – एस. भट्टाचार्य
- विकासोन्मुख भारतीय समाज में शिक्षा तथा शिक्षक की भूमिका – मंजरी सिन्हा य डॉ आई.एम.सिन्धु आगरा
- विकासोन्मुख भारतीय समाज में शिक्षा तथा शिक्षक की भूमिका – श्रीमति निर्मला गुप्ता य श्रीमति अमृता गुप्ता साहित्य प्रकाश आगरा
- विकासोन्मुख भारतीय समाज में शिक्षा – राजस्थान हिन्दी अकादमी द्वारा प्रकाशित
- इन्टरनेट से शैक्षणिक क्षैत्र की विभिन्न संस्थाओं की वेबसाइट
- समसामायिक भारतीय समाज, पाठ्यचर्या एवं शिक्षार्थी – श्रीमति शर्मा, डॉ. बरौलिया एवं प्रो. दुबे, राधा प्रकाशन मंदिर आगरा।
- समसामायिक भारतीय समाज, पाठ्यचर्या एवं शिक्षार्थी – गुरूसरनदास, अग्रवाल पब्लि. आगरा।
- (http://www.tess-india.edu.in/ में OER एवं वीडियो)

पूर्व बाल्यावस्था–परिचर्या एवं शिक्षा

Early Childhood Care and Education (Pre-Primary and Primary Education)

(प्रश्न पत्र – 3)

पूर्णांक अंक –100

बाह्य मूल्यांकन – 70

आंतरिक मूल्यांकन – 30

1. औचित्य एवं उद्देश्य –(Rationale and aim)

प्रारंभिक बचपन में देखभाल एवं उसकी शिक्षा विश्व में एक उच्च प्राथमिकता से उभरने वाले क्षेत्रों में से एक है। तंत्रिका विज्ञान (Neuro science) की नई शोध कहती है कि नब्बे प्रतिशत मस्तिष्क का विकास 5 साल की उम्र तक होता है और इस विकास पर न केवल पोषण एवं सेहत का असर होता है, बल्कि इन सालों में बच्चे को मिलने वाले मनोसामाजिक अनुभवों का भी गहरा असर पड़ता है। पहली पीढ़ी के सीखने वाले बच्चों की एक बड़ी संख्या अब विद्यालयी व्यवस्था में आ रही है। ये बच्चे ऐसे घरो से आ रहे हैं जहाँ सीखने का वातावरण अपर्याप्त है। इससे दुनियाभर में विद्यालय प्रारंभिक लिखने पढ़ने और गणित की दक्षताओं के बिना ही अगली कक्षा में पहुँच रहे हैं। एक महत्वपूर्ण कारक यह देखा गया है कि बच्चे स्कूल के लिए पर्याप्त तैयारी के बिना ही सीधे शाला में आ रहे है जबकि यह तैयारी उन्हें आवश्यक अवधारणात्मक एवं भाषात्मक आधार दे सकती है। शोध से यह बात उभरी है कि प्रारंभिक बचपन में देखभाल और शिक्षा (ECCE) यदि सही उम्र में मिले तो इस अंतर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रारंभिक बचपन में देखभाल और शिक्षा (ECCE) जो छः वर्ष तक की उम्र के लिए थी उसे अब दुनियाभर में जन्म से आठ साल तक की वर्ष की देखभाल और शिक्षा के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। इस तरह से प्राथमिक स्कूल के पहले दो से तीन साल भी इस में सम्मिलित है। इसके पीछे यह तर्क है कि बाल विकास के सिद्धांत के अनुसार छः से आठ साल के बच्चें अपने विकास लक्षणों और रूचियों में छोटे बच्चों से ज्यादा समानता रखते हैं और उनकी जरूरते भी एक सी होती है। परिणामस्वरूप प्रारंभिक बचपन में देखभाल और शिक्षा (ECCE) में खेल और गतिविधि आधारित विधियाँ इनके लिए ज्यादा उपयुक्त होती है और इसके साथ यह कि शाला पूर्व प्राथमिक वर्षों को एक समान अवस्था में या एक इकाई के रूप में मिलाने से बच्चे के सीखने की प्रक्रिया को सतत् बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे बच्चों की लचीले रूप से और अपनी गति के अनुसार सीखने की प्रक्रिया चल पाती है और औपचारिक रूप से सीखने की तरफ बढ़ना आसान हो जात है। प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में दो उप–अवस्थाएं सम्मिलित है–

पूर्व प्राथमिक अवस्था 3 से 6 साल–

प्राथमिक अवस्था या कक्षा 1 एवं 2 (6 से 8 साल) बच्चों के बेहतर मानसिक विकास एवं जीवन पर्यन्त सीखने तथा अपने आगामी जीवन में एक अच्छा नागरिक जो एक जिम्मेदार समाज की संरचना कर सकें। बच्चें

के प्रारंभिक वर्षो में हर चीज को अपनी तर्क शक्ति तथा जिज्ञासा से परखने की क्षमता को बढ़ाया जाये उसमें ऐसे गुणों का विकास किया जाये ताकि वह किसी बात को सीधे मनाने की बजाए उसकी उपयोगिता और महत्ता मे से सम्बधित प्रश्न करें और संतुष्ट होने पर ही उसे स्वीकार करे, ताकि वह भीड़ का हिस्सा न बने और उसमें नेतृत्व करने की क्षमता का विकास हो।

शिक्षक भी तभी अपनी शिक्षा देने की पद्धति से संतुष्ट हो जब बच्चा हर पाठ की समाप्ति पर या कक्षा के दौरान प्रश्न करें।

2. विशिष्ट उद्देश्य (Specific Objectives)

- जीवन पर्यन्त सीखने और विकास के आधार के रूप में प्रारंभिक बचपन के वर्षों की परिभाषा और महत्व को समझना।
- पूर्व, मध्य एवं पश्च बचपन के वर्षों में बालक के गुणों, विकास की जरूरतों के अनुसार संवेदनाओं का विकास करना और प्राथमिक शिक्षा में उसका क्रियान्वयन करना।
- विकास के संदर्भ में उपयुक्त प्रारंभिक बचपन में देखभाल एंव शिक्षा (ECCE) की पाठ्यचर्या और विद्यालयीन शिक्षा के लिए उसके महत्व एवं सिद्धांत व विधियों को समझना।
- प्रारंभिक बचपन में देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) में घर पर रह कर सीखना (Home School) और समुदाय से जुड़ाव के महत्व को समझना।

3. इकाईवार अंक विभाजन–

सरल क्र.	इकाई का नाम	अंक
1	प्रारंभिक बचपन में देखभाल एंव शिक्षा की परिभाषा प्रकृति एवं महत्व	20
2	विकास की दृष्टि से समुचित प्रारंभिक बचपन में देखभाल और शिक्षा (ECCE) पाठ्यक्रम के सिद्धांत और विधियाँ	20
3	बचपन में देखभाल एवं शिक्षा की पाठ्यचर्या की योजना एवं प्रबंधन	15
4	बच्चों के प्रगति का आंकलन	15
	आंतरिक अंक	30
	कुल अंक	100

इकाई :1 प्रारंभिक बचपन में देखभाल एंव शिक्षा की परिभाषा प्रकृति एवं महत्व
(Definition, Nature and Significance of Early Childhood and Education)

- प्रारंभिक बचपन में देखभाल एवं शिक्षा की समग्र पाठ्यचर्या की परिभाषा एवं उद्देश्य।
- जीवन पर्यन्त सीखने एवं विकास में प्रारंभिक बचपन में देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) को महत्वपूर्ण अवधि के रूप में महत्व जानना।
- अधिगम को सुगम बनाने के लिए प्रारंभिक बचपन में देखभाल एवं शिक्षा की अवधि को आठ साल की उम्र तक बढ़ाने संबंधी तर्क।
- विद्यालयों में प्रारंभिक अधिगम की चुनौतियाँ एवं शाला पूर्व तैयारी की अवधारणा।

इकाई : 2 विकास की दृष्टि से समुचित प्रारंभिक बचपन में देखभाल और शिक्षा (ECCE) पाठ्यक्रम के सिद्धांत और विधियाँ (Principles and Methods of Developmentaly Appropriate ECCE Curriculum)

- बच्चे कैसे सीखते हैं : प्रारंभिक, मध्य एवं बाद के बचपन तक अवस्थावार विशिष्टताएँ।
- प्रारंभिक वर्षों में सीखने के लिए खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण का महत्व।
- बच्चों के समग्र विकास के क्षेत्र एवं गतिविधियाँ ।
- प्रारंभिक वर्षों में साक्षरता एवं अंक ज्ञान।

इकाई : 3 बचपन में देखभाल एवं शिक्षा की पाठ्यचर्या की योजना एवं प्रबंधन
(Planning and Mannagement of ECCE Curriculum)

- सुगठित एवं संदर्भयुक्त पाठ्यचर्या की योजना के सिद्धांत
- दीर्घ एवं अल्पकालिक उद्देश्य एवं योजना
- परियोजना विधि एवं विशिष्ट कार्यक्षेत्र केन्द्रित उपागम (Approach)
- विकास की दृष्टि से उपयुक्त एवं समावेशी कक्षा प्रबंधन

इकाई : 4 बच्चों के प्रगति का आकलन (Assessing Children's Progress)

- प्रारंभिक बचपन में सीखने एवं विकास के मापदन्ड
- बच्चों की प्रगति का अवलोकन एवं उसका अभिलेखीकरण
- बच्चों की प्रगति का प्रतिवेदन
- घर और शाला के बीच जुड़ाव सुनिश्चित करना

4. सत्रगत कार्य (Assignment) कोई– 3

1. प्रारंभिक बचपन के वर्षों (3–8 वर्ष) के लिए कोई दो स्थानीय खेलों/गतिविधियों को लिखिए एवं उसके द्वारा होने वाले विकास पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।
2. किसी आंगनवाड़ी केन्द्र का भ्रमण कर बच्चों को ऊँचाई और वजन का तुलनात्मक अध्ययन कर स्वास्थ्य सम्बन्धी विश्लेषण प्रस्तुत करना।
3 कक्षा 1 में आगंनवाड़ी से अध्ययन करके पहुँचे बच्चे एवं सीधे शाला आने वाले बच्चों की शिक्षा का तुलनात्मक अध्ययन करना ।
4 शिशुओं के लिए प्रेरक गतिविधियाँ।

अंतरण की विधियाँ (Mode of Transaction)

- अवधारणात्मक समझ बनाने के लिए कक्षा में परिचर्चा।
- पाठ सामग्री/शोध पत्रों का गहन पाठन।
- सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक गतिविधियां/अभ्यास कार्य/अन्वेषण, संकलित अवलोकनों, जानकारियों का विश्लेषण एवं वर्णन

नोट– इसके अतिरिक्त शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को अन्य सम्बंधित प्रयोजना कार्य दे सकते हैं।.

सुझावात्मक संदर्भ ग्रंथों की सूची

1 राजलक्ष्मी मुरलीधरन एवं शोभिता अस्थाना– शिशुओं के लिए प्रेरक गतिविधियाँ

2 शिशु शिक्षा संदर्शिका – म.प्र. राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद

3 शिशु शिक्षा एवं देख–भाल – मीना स्वागीनाथन

4 NCERT, (2006). Position paper: National Focus Group on ECE, New Delhi.

5 (http://www.tess-india.edu.in/ में OER एवं वीडियो)

डी.एल.एड.प्रथम वर्ष

भाषा बोध एवं प्रारंभिक भाषा विकास

Understanding Language and Early Language Development

(प्रश्न पत्र–4)

पूर्णांक – 50

बाह्य अंक – 25

आंतरिक अंक – 25

औचित्य एवं उद्देश्य (Rationale and Aim)

भाषा केवल संचार या संप्रेषण का माध्यम नहीं है बल्कि ऐसा माध्यम है जिससे ज्ञान प्राप्त किया जाता है। यह एक ऐसी संरचना है जो हमारे आस–पास की वास्तविकता को व्यवस्थित करके हमारे मस्तिष्क में इसे प्रस्तुत करती है, इसका प्रतिनिधित्व करती है। भाषा केवल भाषा की कक्षा तक ही सीमित नहीं होती, यह सभी दृष्टिकोणों, विषयों, गतिविधियों और संपूर्ण समाज में व्याप्त है। इसके महत्वपूर्ण पहलुओं के व्यवस्थित अध्ययन की आवश्यकता है।

इस प्रश्नपत्र का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में, बच्चों के घर में, समाज में और राष्ट्र में भाषा किस तरह परिचालित होती है, इस बारे में जागरूक करना है। भाषा की कक्षाओं में शिक्षण एवं निर्देशों के लिए योजना बनाते समय सिद्धांतों से जुड़ाव बनाए रखना भी इस प्रश्नपत्र का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि भाषा हम सभी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह केवल संप्रेषण के लिए ही आवश्यक नहीं है वरन यह एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा विविध क्षेत्रों में ज्ञान हासिल किया जाता है। चिंतन, तर्क करना, निर्णय लेना आदि सभी कार्य भाषा के कारण ही संभव हो पाते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि हम कोई भी काम भाषा के जरिए और भाषा के साथ ही करते हैं। भाषा हमारे चारों ओर चल रही घटनाओं व बातों को स्वरूप देती है और फिर हमारे मस्तिष्क में इसे व्यक्त करती है।

इस प्रश्नपत्र का प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों को भाषा की कार्यप्रणाली को समझने में मदद करना है जैसे भाषा से क्या आशय है? भाषा के अंतर्गत क्या–क्या आता है? भाषा के कार्य क्या है? भाषा, विचार और समाज के बीच क्या संबंध हैं आदि।

विशिष्ट उद्देश्य : (Specific Objectives)

- भाषा की प्रकृति एवं संरचना से प्रतिभागियों को परिचित कराना।
- भाषा के कार्यों के प्रति जागरूक बनाना
- प्राथमिक कक्षाओं में स्कूली पाठ्यक्रम के वृहद परिप्रेक्ष्य में भाषा के महत्व, उसके अधिग्रहण तथा अधिगम को समझना।
- विभिन्न भाषाई कौशलों एवं उनके विकास के तरीकों को समझना
- भाषा, विचार एवं समाज के अंर्तसबंधों को समझना
- साहित्य की विभिन्न विधाओं की प्रकृति, उनके शिक्षण के उद्देश्य तथा अधिगम के तरीकों को समझना
- व्याकरण को पाठ्यवस्तु के साथ रचनात्मक तरीके से जोड़ते हुए पढ़ाने के तरीकों को समझना

अच्छा शिक्षण शास्त्र वही होता है जो विषय की प्रकृति, शिक्षार्थी और उसके सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक संदर्भों को ध्यान में रखते हुए संयोजित किया जाए।

इकाईवार अंको का विभाजन –

क्रमांक	इकाई	विषय	अंक
1	1	भाषा क्या है (What is Language)	2
2	2	भाषाई विविधता और बहुभाषिकता (Listening & Speaking)	2
3	3	भाषा अधिग्रहण और भाषा सीखना (Language Accquistion and Learning)	2
4	4	भाषा की कक्षा (Language Classroom)	2
5	5	भाषा कौशल क्या है (Developing Language Skills)	4
6	6	भाषाई कौशल का विकास (Developing Language Skills)	4
7	7	साहित्य (Literature)	3
8	8	पाठ्यपुस्तक एवं उसके शिक्षा शास्त्र की समझ (Understanding text book and Pedogogy)	3
9	9	कक्षा शिक्षण की योजना एवं आकलन (Classroom Planning and Evaluation)	3
		आंतरिक अंक	25
		कुल अंक	50

इकाई 1 भाषा क्या है (What is language)

- परिचय
- भाषा, विचार और समाज
- पशु एवं मानव संप्रेषण के बीच अंतर
- भाषा की विशेषताएँ, भाषा के कार्य
- भाषा की संरचना
- भाषा और उसमें निहित शक्ति

इकाई 2 भाषाई विविधता और बहुभाषिकता (Liestenig & Speaking)

- भाषा के बारे में संवैधानिक प्रावधान
- बहुभाषिकता की प्रकृति और कक्षा में इसका प्रभाव
- भाषाई विविधता– भारत एवं मध्यप्रदेश के संबंध में
- बहुभाषिकता– कक्षा संसाधन और रणनीति के रूप में

इकाई 3 भाषा अधिग्रहण और भाषा सीखना (Language Accquistion and Learning)

- परिचय
- भाषा और बच्चे
- अधिग्रहण और सीखना
- प्रथम भाषा अधिग्रहण
- द्वितीय भाषा और विदेशी भाषाओं को सीखना

इकाई 4 भाषा की कक्षा (Language Classroom)

- परिचय
- भाषा शिक्षण के उद्देश्य (aims & objectives)
- भाषा शिक्षण के वर्तमान तरीके और उनका विश्लेषण
- शिक्षक की भूमिका
- त्रुटियों की भूमिका

इकाई 5 भाषाई कौशल क्या है (Developing language skills) (1)

- परिचय–
- सुनना– सुनने से तात्पर्य
- बोलना– बोलने से तात्पर्य
- सुनने और बोलने के कौशल का विकास– संवाद, लघु नाटक, कहानी सुनाना, कविता सुनाना

इकाई 6 भाषाई कौशलों का विकास (Developing language skills) (2)

- परिचय
- साक्षरता और पढ़ना–पढ़ने से तात्पर्य
- वर्णनात्मक पाठ्यवस्तु को पढ़ना– पाठ्यवस्तु को समझना, आलेख का विस्तार करना, पठित सामग्री को अपने अनुभव से जोड़ना, नए अनुभवों को आलेख में शामिल करना, पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त भी विविध सामग्री को पढ़ पाना
- पढ़ने की रणनीतियाँ– पढ़ने से पहले, पढ़ने के दौरान और पढ़ने के बाद की रणनीतियाँ
- भाषा के विविध साधनों की समझ, बच्चों को अच्छा पाठक बनाना
- लेखन एक कौशल?
- पढ़ने और लिखने के बीच का संबंध
- लेखन कौशल का विकास करना, मौलिक लेखन कर पाना
- साहित्य की विभिन्न विधाओं से सम्बधित साहित्यिक उदाहरण दिए जाएँ जिससे कि पढ़ाना आसान हो।

इकाई 7 साहित्य (Literature)

- पाठ्यपुस्तक के प्रकार– कथात्मक एवं वर्णात्मक साहित्य से परिचय, उन्हें पढ़कर समझना, पाठ्यवस्तु के साथ संबंध स्थापित करना
- साहित्य की विभिन्न विधाओं के शिक्षण के उद्देश्य
- साहित्य की विभिन्न विधाओं को पढ़कर समझना
- संपूर्ण पाठ्यक्रम में साहित्य का प्रयोग कर पाना।
- गद्य एवं पद्य को पढ़ाने की विधियाँ– व्याकरण–रचनात्मक तरीके

इकाई 8 पाठ्यपुस्तक एवं उसके शिक्षण शास्त्र की समझ (Understanding text book and pedogogy)

- भाषा की पाठ्यपुस्तकों के निर्माण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत
- विषयवस्तु एवं उसके शिक्षण के तरीके
- पाठ्यपुस्तक में दी गई विषयवस्तु, उसके शिक्षण के तरीके, इकाइयों की रूपरेखा, अभ्यास कार्य की प्रकृति और उसकी बारीकियों का विश्लेषण
- अकादमिक मापदंड और सीखने के तरीके
- भाषा की कक्षा में शिक्षण सहायक सामग्री

इकाई 9 कक्षा शिक्षण की योजना एवं आकलन (Classroom planning and evaluation)

- कक्षा शिक्षण की तैयारी– भाषा की कक्षाओं की वार्षिक एवं कालखण्डवार कार्ययोजना बनाना
- आकलन सतत एवं व्यापक मूल्यांकन में अंतर (CCE)
- भाषा की कक्षा में रचनात्मक आकलन (पढ़ने–लिखने का आकलन)
- भाषा की कक्षा में योगात्मक आकलन (कौशल आधारित)

सत्रगत कार्य (Assignments)

निम्नलिखित खंड अ एवं ब में से एक–एक प्रयोजना कार्य कीजिए

खंड अ

- गतिविधि आधारित अधिगम (ए.बी.एल.)/सक्रिय अधिगम प्रविधि (ए.एल.एम.) की एक –एक पाठ योजना गद्य एवं पद्य की पृथक –पृथक तैयार कीजिए।
- भाषाई कौशलों के विकास हेतु एक प्रभावी पाठ योजना सहायक सामग्री सहित तैयार कीजिए।
- भाषा प्रयोगशाला के प्रत्यक्ष अवलोकनके अधार पर एक भाषाई खेल गतिविधि तैयार करें।
- भाषागत किसी एक समस्या का चयन कर क्रियात्मक अनुसंधान का प्रयोजना निर्माण कर संपादन कीजिए।
- भाषा की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए एवं मौखिक मूल्यांकन के लिए ब्लूप्रिंट के अनुसार किसी एक कक्षा का आदर्श प्रश्नपत्र तैयार कीजिए।

खंड ब

- विद्यालयीन पुस्तकालय में उपलब्ध साहित्य की विधाओं एवं लेखकों के नाम की सूची तैयार कीजिए । अपनी पसंद की किसी पुस्तक की समीक्षा लिखिए।
- आपके विद्यालय में पुस्तकालय के प्रभावी उपयोग की कार्य योजना तैयार कीजिए।
- किसी स्थानीय लोककथा को स्थानीय बोली और हिन्दी भाषा में लिखकर प्रस्तुत कीजिए।
- अपने आसपास के किसी प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व के स्थल, मेले, त्योहार अथवा स्थानीय स्वतंत्रता–सेनानी के जीवनवृत्त में से किसी एक पर आलेख लिखिए।
- स्थानीय स्तर पर प्रचलित लोकोक्तियों एवं मुहावरों का संकलन कीजिए।

अंतरण की विधियां (Mode of Transaction)

- छात्राध्यापकों को पठन हेतु चयनित सामग्री प्रदान करना एवं उस पर चर्चा करना।
- छात्राध्यापकों को छोटे समूह में पठन हेतु अवसर देना एवं उसका प्रस्तुतिकरण करवाना, छूटी हुई बातों को समूह चर्चा द्वारा जोड़ना।
- प्रश्नोत्तर माध्यम से चर्चा एवं सहभागिता द्वारा छात्राध्यापकों को अवसर प्रदान करना एवं विषयवस्तु का सुदृढ़ीकरण करना।
- छात्राध्यापकों को विषयवस्तु से संबंधित प्रायोजना कार्य देना एवं उसके प्रस्तुतिकरण से विषयवस्तु का विकास करना।

सुझावात्मक संदर्भ ग्रंथ सूची –

1. NCF-2005
2. भारतीय भाषाओं का शिक्षण–आधार पत्र NCERT–2005
3. हिन्दी भाषा शिक्षण– डॉ. प्रकाश चंद्र भट्ट
4. भाषा विज्ञान–डॉ. भोलानाथ तिवारी
5. भाषा की प्रकृति इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली
6. बच्चे की भाषा और अध्यापक – N.B.T. कृष्ण कुमार
7. भाषा शिक्षण– SCERT छत्तीसगढ़
8. भाषा और पहचान– डेविड क्रिस्टल
9. भाषा, बोली और समाज– देशकाल प्रकाशन
10. पढ़ने की समझ– NCERT, नई दिल्ली
11. लिखने की शुरुआत– NCERT, नई दिल्ली

12. पढ़ना सिखाने की शुरुआत– NCERT, नई दिल्ली
13. हिन्दी व्याकरण सार– डॉ. ब्रजरतन जोशी, पत्रिका प्रकाशन नई दिल्ली
14. राजभाषा हिन्दी – मनोज कुमार
15. आधुनिक हिन्दी व्याकरण और रचना– डॉ. वासुदेव नंदन प्रसाद
16. भाषा बोध एवं प्रारंभिक भाषा विकास – श्रीमति शर्मा एवं प्रो. दुबे, राधा पब्लिकेशन, आगरा।
17. भाषा बोध एवं प्रारंभिक भाषा विकास – भाई योगेन्द्र जीत, अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा।
18. (http://www.tess-india.edu.in/ में OER एवं वीडियो)

पाठ्यचर्या में सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी का एकीकरण

ICT integration across the Curriculum

(प्रश्न पत्र–5)

पूर्णांक : 100

बाह्य अंक : 50

आंतरिक अंक : 50

औचित्य एवं उद्देश्य (Rationale and Aim)

वर्तमान समय में सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने एवं सम्प्रेषण करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है, तथा सम्प्रेषण तकनीकी का पाठ्यक्रम में समेकन विषय अध्ययन के द्वारा छात्राध्यापकों की कम्प्यूटर अनुप्रयोग की समझ विकसित होगी। आई सी टी का उपयोग किस प्रकार किया जाए, इसकी समझ पैदा होगी। यह विषय उनकी शिक्षण–अधिगम की समझ को विकसित करेगा। इसका उपयोग वे शिक्षण कक्ष में कर सकेंगे। यह आशा की जाती है कि यह तकनीकी उनके कक्षा शिक्षण में अत्यन्त उपयोगी होगी।

इस विषय के अध्ययन का अन्य उद्देश्य यह है कि इससे छात्राध्यापकों में अनुसंधान विधियों की समझ विकसित होगी जिसका उपयोग वे बहुआयामी संदर्भों में कर सकेंगे। वे निम्नांकित कार्यों हेतु सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी का उपयोग कर सकेगें।

- दस्तावेज तैयार करने हेतु
- प्रस्तुीकरण स्लाइड तैयार करने हेतु।
- सरल ग्राफिक्स बनाने के लिए
- शैक्षिक संदर्भों में उचित मुक्त शैक्षिक संसाधनों का उपयोग

विशिष्ट उद्देश्य (Specific Objectives)

- स्कूल शिक्षा में सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी की आवश्यकता समझना।
- अधिगम प्रक्रियाओं में सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी के प्रयोग के माध्यम से अधिगम को प्रभावी बनाना।
- विषय में छात्र मूल्यांकन/आकलन हेतु विभिन्न सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी माध्यमों को बढ़ावा देना।

- विभिन्न विषयों में उपलब्ध सूचना एवं तकनीकी साफ्टवेयर एवं टूल्स के उपयोग को बढ़ावा देना।
- उपलब्ध मुक्त शैक्षिक संसाधनों को उपयोग करना।
- शिक्षक को सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी के उपयोगकर्ता के तौर पर योग्य, कुशल एवं संवेदनशील बनाना जिससे कि वह उचित समय पर उचित तकनीकी का प्रयोग कर सकें

इकाईवार अंको का विभाजन

क्र.	इकाई की संख्या	विषय का शीर्षक	अंक अधिभार
1.	1	स्कूल शिक्षा में सूचना सम्प्रेषण तकनीकी आधार	15
2.	2	सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी आधारित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया	15
3	3	सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी आधारित आंकलन/मूल्यांकन	10
4	4	विषय आधारित वेब साइट एवं सॉफ्टवेयर एवं उपयोग	10
आंतरिक अंक			50
कुल अंक			100

इकाई–1 स्कूल शिक्षा में सूचना सम्प्रेषण तकनीकी आधार

शिक्षा में सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी– परिभाषा, अर्थ एवं भूमिका

- शिक्षा में कम्प्यूटर
  हार्डवेयर– डाटा स्टोरेज, डाटा बैकअप
  सॉफ्टवेयर–सिस्टम सॉफ्टवेयर (विंडोस, लिनेक्स, एड्रोइड), एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (वर्ड, पावरपॉइंट, एमएस एक्सेल)
- इंटरनेट और इंट्रानेट– खोज करना, चयन करना डाउनलोड करना, अपलोड करना
- दस्तावेज़ निर्माण और प्रस्तुतीकरण– टेक्स्ट दस्तावेज निर्माण, स्प्रेडशीट निर्माण, पावरपॉइंट निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण (स्लाइड, चार्ट, कार्टून, चित्र के साथ)
- मुक्त शैक्षिक संसाधन (ओईआर)– अर्थ, उद्देश्य एवं महत्व नेशनल रिपोजीटरी ऑफ ओईआर

ओईआर फॉर स्कूल्स– एचबीसीएसई, टीआईएफआर, एमकेसीएल एवं आई–कोन्सेंट का संयुक्त प्रयास अन्य जैसे– स्कूल फ़ार्ज, ओपेन सोर्स एडुकेशन फाउंडेशन, नेशनल सेंटर फॉर ओपेन सोर्स एंड एडुकेशन तथा फ्लॉसएड, ऑर्ग

इकाई–2 सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी आधारित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया

- मस्तिष्क आधारित अधिगम (बीबीएल)
- ई–लर्निंग एवं ब्लैंडेड लर्निंग
- एल 3 समूह रचना, कापरेटिव एवं कोलोब्रेटीव अधिगम
- पिलप्ड एवं स्मार्ट क्लासरूम, इंटरैक्टिव व्हाइट बोर्ड
- सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी समर्थित अधिगम के वैकल्पिक तरीके– पैकेज (काई/ सीएएल पैकेज, मल्टीमीडिया पैकेज, ई–कंटैंट, एमओओसी), सोशल मीडिया (मोबाइल, ब्लॉग, विकि, व्हाट्सएप, चैट आदि)
- आभासी प्रयोगशाला (वर्चुअल लैब)– अर्थ एवं भूमिका
- सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी आधारित अधिगम संसाधन निर्माण (एडुकाप्ले आदि द्वारा)

इकाई–3 सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी आधारित आंकलन/मूल्यांकन

- सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी समर्थित आंकलन/मूल्यांकन के वैकल्पिक तरीके– ई–पोर्टफोलियो, कम्प्यूटर आधारित प्रश्न बैंक आदि)
- आकलन रूब्रिक के निर्माण के लिए ऑनलाइन रुब्रिक जेनेरेटर जैसे– आरयूबीआईएसटीएआर, आईआरयूबीआरआईसी
- सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी आधारित आंकलन/मूल्यांकन टूल (एसओसीआरएटीआईवीई, पीआईएनजीपीओएनजी, सीएलएएसएस बीएडीजीईएस, सीएलएएसएसएमकेईआर आदि)
- सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी आधारित परीक्षण निर्माण टूल्स (एचओटीपीओटीएटीओ, एसयूआरवीईवाईएमओएनकेईवाई, जीओओजीएलई एफओआरआरएम आदि)

इकाई–4 विषय आधारित वेब साइट एवं सॉफ्टवेयर एवं उपयोग

- भौतिक विज्ञान आधारित– फीजिओन, ब्राइट स्टोर्म, कॉम, नासा वर्ल्ड वाइड
- रसायन विज्ञान आधारित– पिरियोडिक टेबिल क्लासिक, कलजिअम
- मेथ्स आधारित– जियो ज़ेबा, मेथ्सइसफन, सेज मेथ्स, खानएकदेमी, ओआरजी, टूक्स मेथ्स
- समाज विज्ञान आधारित– सेलास्टिया, जी कॉपरिस, वर्ल्ड वाइड टेलेस्कोप, जी कोम्प्रिस,

- भाषा आधारित–ब्राइट स्टोर्म, कॉम,
- अन्य (नॉलेज एडवेंचर, माइंड जीनियेस, डिज़्नी इंटरैक्टिव, द लर्निंग कंपनी, थिंकिंगब्लोक्क्स)
- कार्यशालाओं के माध्यम से।
- करके सीखने के अवसर देना।

अंतरण की विधियाँ Mode of Transaction

- कम्प्यूटर लैब के माध्यम से ।
- इंटरनेट का उपयोग करते हुए।
- डाउनलोड और अपलोड करके सिखाना।
- इंटरैक्टिव व्हाइट बोर्ड के माध्यम से ।
- लैपटॉप की सहायता से।
- मोबाइल के एप से।

सुझावात्मक संदर्भ ग्रंथ सूची

best sites for free educational resorces

- http://www.resfseek.com/directory/education_video.html
- http://www.marcandangel.com2010/11/15/12-dozen-places-to-self-educate-yourself-online/
- http://www.jumpstart.com/parents/resources
- http://opensource.com/education/13/4/guide-open-source-education

Additional Reference Material & Resource Repositions

- http://www.edlproject.eu/
- http://books.google.com/googlebooks/library.html
- http://www.wikipedia.org/
- http://www.nasa.gov/
- http://wikieducator.org/Learing4Content
- http://www.eduworks.com/index.php/Publications/Learning-Object-Tutorial.html
- http://oscar.iitc.ac.in/aboutOscar.do
- (http://www.tess-india.edu.in/ में OER एवं वीडियो)

Proficiency in English

(D.El.Ed First year)

Question Paper -6

Maximum Marks : 50

External : 25

Internal : 25

Rationale and Aim -

The purpose of this course is to enable the student-teachers to improve their proficiency in English. A teacher's confidence in the classroom is often Undermined by a poor command of the English language. Research has shown that improving teachers efficiancy, or one's own belief in one's effectiveness, has a tremendous impact on the classroom teaching who perceives oneself as a proficient in English and more likely to use communicative strategies for teaching English. The Teacher is less likely to resort to using simple translation or guide-books for teaching English.

This course focuses on the receptive (listening and reading) and productive (speaking and writing) skills of English and combines within each of these, both an approach on proficiency in usage in classroom teaching.

SPECIFIC OBJECTIVES

- To strengthen the student-teacher's own English language proficiency.
- To brush up their knowledge of grammatical, lexical and discourse systems in English.
- To enable students to link this with pedagogy.
- to re- sequence units of study for those who may have no knowledge of English.

This Course will attempt to use a variety of resources, talks and activities to enable the student-teacher to develop/increase their proficiency in English. The Focus will not be on learning and memorizing aspects of grammar and pure linguistics only. Instead, the aim will be to enjoy learning English and to constantly reflect on this learning and also link it with pedagogical strategies.

Unit-wise division of marks

Unit S. No.	Unit Name	Marks
1.	Status of English in India	2
2.	Listening & Speaking	4
3.	Reading	6
4.	Writing	8
5.	Vocabulary & Grammar	5
	Internal Marks	**25**
	Total Marks	**50**

Unit 1- Status of English in India

- English as a global language
- English as a Language of Science & Technology.
- English as a library language.

Unit 2- Listening & Speaking.

- Phonetics and phonology- How sounds are produced, transmitted and received; stress, rhythm and intonation in pronuciation.

Unit 3- Reading.

- Importance of reading
- Reading strategies – word attack, inference, extrapolation

Unit 4- Writing.

- Mechanics of writing-strokes and curves, capital and small letters, cursive and print script, punctuation.
- Different forms of writing- formal and informal letters, messages, notices, posters, advertisements, note making, report writing, diary entry, resume (bio data/CV) writing.
- Controlled and guided writing with verbal and visual inputs
- Free and creative writing.

Unit 5- Vocabulary & Grammar in context

- Synonyms, antonyms, homophones.
- Word formation- prefix, suffix, compounding
- Parts of speech
- Tense, modals
- Articles, determiners
- Types of sentences (assertive, interrogative, imperative, exclamatory)

Mode of Transaction

The teaching would be done on the basis of

(a) Group work

(b) Work shop

(c) Seminar

(d) Actual classroom teaching.

Assignment

Put the internal assessment activities at one place and let the learners do any 5

Suggested Activities for Active learning-

- Group discussions,
- Speech, debate

- Paragraph writing.
- Writing in a digital format (Text or document file)
- Short digital presentation
- Searching internet for specific information
- Using Phonemic drills.
- Organizing listening and speaking activities
- Rhymes, songs, stories, poems, role-play and dramatization
- Search for websites that support listening and speaking
- Download relevant audio clips
- Interpreting tables, graphs, diagrams, pictures
- Reading different types of texts (descriptions, conversations, narratives, biographical sketches, plays, essays, poems, screen play, letters, reports)
- Searching for texts for reading for Primary level of learners.
- Searching for websites and apps that promote language games.
- Writing individually and refining through collaboration.
- Writing dialogues, speeches, poems, short stories, short essays.
- Describing events, processes.
- Downloading and printing cursive writing exercises.
- Searching for exercises to download for guided writing.
- Presenting their own writings in a digital format.
- Use of dictionary
- Use of reference books, journals
- Devising own vocabulary games for learners at different levels
- Searching websites which promote grammar activities
- Searching websites which promote vocabulary activities
- Preparing digital presentation of a language game

References

- Proficiency in English- Dr. Sharma, Dayal and Smt. Panday, Agrawal Publication, Agra.
- Agnihori, R.K. and Khanna, A.L.(1996). Grammar in context. New Delhi: Ratnasagar. Cook, G, Guy(1989).Discourse, Oxford University Press, Great Clarendon Street, Oxford OX26DP
- Craven, M. (2008). Real listening and speaking-4. Cambridge: Cambridge University Press.
- Driscoll, L. (2008). Real Speaking. Cambridge: Cambridge University Press.
- Grellet, F. (1981). Developing reading skills UK: Cambridge: Cambridge University Press.
